तेरा नाम जिसने लिया है,
उसी का सफल है जनम,
उसी का सफल है जनम,
ओ मेरे श्याम होते है उसपे,
तुम्हारे हजारो करम ।।

तर्ज तेरे नाम हमने किया है ।

तन मन से जो श्याम,
तेरा हो जाता है,
इस दुनिया के,
सुख सारे वो पाता है,
चरणों में तेरे जो,
रहने आएगा,
तू उसको बाबा,
सीने से लगाएगा,
तेरी दया, तेरी दया,
तेरी दया हो जाए जिसपर,
सांवरिया उसे क्या हो गम,
सांवरिया उसे क्या हो गम ।।

जिसने तुझसे,
जोड़ लिया बाबा बंधन,
उसका जीवन हो जैसे,
सुरभि चन्दन,

पग पग पे तू,
उसका साथ निभाता है,
हर संकट का रक्षक,
तू बन जाता है,
फूल बने, फूल बने,
फूल बने राह के कांटे,
श्याम रखे जहाँ तू कदम,
श्याम रखे जहाँ तू कदम।।

तेरा नाम जिसने लिया है,
उसी का सफल है जनम,
उसी का सफल है जनम,
ओ मेरे श्याम होते है उसपे,
तुम्हारे हजारो करम।।

Singer : Mukesh Bagda

Source: https://www.bharattemples.com/tera-naam-jisne-liya-hai-khatu-shyam/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw